अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण

डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते नगर आयुक्त

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महमंद जलालनगर में आवास विकास कॉलोनी स्थित अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 130 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना वित्त संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री द्वारा अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया।

मंत्री ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के अपने जीवनकाल में दिये गये त्याग के बारे में बताया, जिसमें मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होंने मूक और अशिक्षित और निर्धन लोगों को जागरुक बनाया एवं बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान भारत रत्न डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ने अपने जीवन के 65 वर्षों में देश को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, औद्योगिक, संवैधानिक इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में अनगिनत कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया गया। सांसद अरुण कुमार सागर, नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा , आयोग अध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ वाल्मिकी, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह,सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती,अंगद गुप्ता,नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 गौतम शामिल थे।